










# गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ

## अनन्त चर्तुदशी पर जिले में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का पूरे दिन चला विसर्जन

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. बीते 10 दिनों से जय गणेश जय गणेश की आरती से सुबह शाम गूंज रहे गली मोहल्ले से शनिवार को जब गणपति विसर्जन के लिए लोग निकले तो कुछ लोगों की आंखें नम थीं. जुलूस में शामिल उत्साही युवा गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के बोल के साथ उन्हें विसर्जित करने में तत्पर नजर आए.**








नदी नालों में बारिश के कारण तेज बहाव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कई स्थानों पर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए व्यवस्थाएं की थी. शहर के सभी प्रमुख मार्गों में पड़ने वाले नदी तालाब के किनारे अलग से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थान सुनिश्चित किया गया था. पुलिस ने भी दिन भर शहर के चौक चौराहों से लेकर विसर्जन स्थल तक अपनी मुश्तैदी दिखाई. किसी को भी गहरे पानी में जाने की इजाजत नहीं दी गई. शहर की ज्यादातर प्रतिमाएं जिगनहट घाट और सतना नदी के किनारे विसर्जित की गई. सिविल लाइन से सोहावल तक के बीच में रखी प्रतिमाओं को सोहावल से गुजरने वाली सतना नदी में विसर्जित किया गया. शेष रीवा रोड से सेमरिया चौराहा नई बस्ती आदि क्षेत्र की प्रतिमाओं को ट्रांसपोर्ट नगर के नवनिर्मित तालाब में एवं माधवगढ़ के टमस में विसर्जित किया गया.

प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी दिन भर विसर्जन की गतिविधियों से जुड़े रहे.जिले के अन्य क्षेत्रों कोठी, जैतवारा, बिरसिंहपुर, चित्रकूट एवं मैहर जिले के अमरपाटन, रामनगर में भी प्रतिमाओं के शांतिपूर्णढंग से विसर्जन समाचार मिले हैं.

### मौसम ने दिया साथ

अनन्त चतुर्दशी होने के कारण जैसी संभावना व्यक्त की जा रही थी कि दिन भर पानी गिर सकता है लेकिन ईश्वर ने प्रतिमा विसर्जित करने वालों की सुनी दिन भर मौसम सूखा और धूप खिली रही. शाम के बाद बादल उमड़े और रात में उन्होंने अपना असर दिखाया.

### चल समारोह जैसी स्थिति नहीं बन पाई

विगत वर्षों में शहर में दिन में प्रतिमाओं को विसर्जन के पूर्व शहर के प्रमुख मार्गों से गुजारने की परम्परा पड़ गई थी जिसका इस बार अभाव दिखा. ज्यादातर लोग अपने नजदीकी स्थान पर ही प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते नजर आए. पहले जैसा नदी तालाब के नजदीक लगने वाला मजमा भी इस बार कम ही रहा.

# नाबालिग लड़की से शादी करने वाला गिरफ्तार

## सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाही

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर ले जाने वाले युवक ने उसके साथ शादी कर ली। पुलिस के पास जब लड़की के परिजनों ने रिपोर्ट लिखाई तो पुलिस ने किशोरी को तलाशते हुए उसे अगवा करने वाले को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाही के बाद शनिवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया है।**

पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई को लड़की के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई बहला कर ले गया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेही



सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा पिता हरिनारायण विश्वकर्मा निवासी मुबारकपुर थाना आनंदपुर जिला विदिशा की पता तलाश करते हुए नायता मुंडला देवगड़रिया रोड इंदौर से बालिका को तलाश लिया। बालिका ने पूछताछ में बताया कि सोनू ने उसे फोन कर रेल्वे स्टेशन बुलाया फिर वहां से ट्रेन से विदिशा ले गया। विदिशा से इंदौर ले जाकर शादी कर लिया और किराए का कामरा लेकर पत्नी बनाकर रख लिया था। बालिका के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर कार्रवाही की है। इस कार्रवाही में एएसआई दशरथ सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश सेन, आरक्षक क्षमा ताम्रकार की अहम भूमिका रही।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन दोस्त नदी में डूबे, दो बचे, एक लापता

## अमरपाटन के कठहा गांव की बीहर नदी में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. मैहर जिला के अमरपाटन थाना अंतर्गत कठहा गांव के पास से निकली बीहर नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार की रात करीब 10 बजे तीन युवक बह गए।**



मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से दो युवकों को बचा लिया गया जबकि एक नहीं मिल सका। शनिवार की सुबह भी एसडीईआरएफ के रेस्क्यू दल ने तलाशने के प्रयास किए लेकिन युवक नहीं मिला। पता चला है कि रामायण बुनकर पिता रामसिया बुनकर (38) का पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। उसे बचाने के लिए जयशंकर कुशवाहा (37) और उसका भाई विजय शंकर कुशवाहा (35) ने नदी में छलांग लगाई तो यह दोनों भी तेज बहाव में फंस गए। इस बीच गांव के कुछ लोगों ने बड़ी मशक्कत से जय और विजय को बचाते हुए नदी से बाहर निकाल लिया। घटना के बाद थाना पुलिस और तहसीलदार आरडी साकेत मौके पर पहुंचे थे। रामायण की तलाश चल रही है। टीआई थाना अमरपाटन विजय परस्ते ने बताया कि रेस्क्यू टीम लगातार युवक का पता लगाने में जुटी हैं।




# छठवीं हाफ मैराथन आज

नवभारत न्यूज

**सतना 6 सितंबर। डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन षष्टम संस्करण 7 सितंबर को प्रात: 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक के खेल परिसर धवारी में आयोजित किया गया है।**

उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा, परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जी व विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार जी, डॉ. भरत मिश्र कुलपति ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट एवं उत्तर प्रदेश के कई मंत्री शिरकत करेंगे। हाफ मैराथन को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर लिया है। अपर कलेक्टर विकास सिंह, राहुल सिलाडिया, नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान, यातायात इंचार्ज संजय खरे, यातायात टी आई पंकज शुक्ला, महापौर योगेश ताम्रकार एवं डॉ. राकेश मिश्र, राजीव व्यास ने सतना हाफ मैराथन के रूट किया निरीक्षण गया।

### स्कूल शिक्षा मंत्री हाफ मैराथन में होंगे शामिल



प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 7 सितंबर को प्रात: 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के खेल मैदान में आयोजित सतना हाफ मैराथन 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह प्रात: 10 बजे मैराथन के विजेताओं को पुरूस्कार वितरण करेंगे। तदुपरांत मंत्री श्री सिंह प्रात: 11.30 बजे सडक मार्ग से लोलरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# युवक की फांसी से मौत

**सतना, 6 सितम्बर.** रामनगर थाना क्षेत्र के कुदरी कला गांव में रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता लगने पर शनिवार को पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए मृतक के शव का पोस्ट मार्टम कराया है। पता चला है कि कुदरी कला निवासी संदीप सिंह पिता ब्रजभान सिंह (23) की फांसी से मृत्यु हुई है। यह बात सामने नहीं आ सकी कि संदीप ने ऐसा कदम क्यों उठाया। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

# रामनगर की दो दुकानों में चोरी

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. रामनगर कस्बा की दो दुकानों में चोरी हुई है। शनिवार की सुबह घटना का पता चलते ही दुकान संचालकों ने पुलिस को खबर दी।**

पता चला है कि थाना रामनगर से अस्पताल रोड में टीन की गुमटियों में बनी परवेज खान की रेडीमेड कपड़े की दुकान और रज्जू खान की मोबाइल शॉप में घटना हुई है। दोनों दुकानों से करीब 50 हजार रुपए कीमत का सामान चोरी हुआ है। दो दुकानों में



एक साथ चोरी होने के बाद आस पास के व्यापारी दहशत में हैं और पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

# बिरला ने ग्रामीण युवाओं को दिया कौशल विकास का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, सतना यूनिट अपनी समाजिक उत्तरदायित्वों के लिए कटिबद्ध रहा है। इसके परिपालन में संस्थान द्वारा समय समय पर सामाजिक एवं विकास से सम्बन्धित कई कार्यक्रम संचालित किये जाते रहे हैं।**

इसी क्रम में 1 सितम्बर 2025 को अपने मुख्य अभियान सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत, बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड सतना यूनिट ने पेक्स संस्था एवं महिन्द्रा स्किल सेंटर के सहयोग से असिसटेंट




इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए नया व्यवसायिक प्रशिक्षण बैच शुरु किया है। उद्घाटन का आयोजन कौशल विकास केन्द्र, सतना में हुआ जिसमें बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, सतना यूनिट हेड कौशल मिश्रा, रंजीत प्रसाद, क्लस्टर हेड-सीएसआर, विजय चौबे, मैनेजर एवं सीएसआर टीम पेक्स संस्था एवं महिन्द्रा स्किल सेंटर की टीम उपस्थित रही। इस प्रभावशाली कौशल विकास कार्यक्रम के लिए 25 ग्रामीण युवाओं को मांईस के आसपास के ग्गप्रमों से चयनित किया गया है। यह प्रशिक्षण का उ?द्देश्य उन्हे इलेक्ट्रिशियन के क्षेत्र में व्यवहारिक कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार की सम्भावना बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। इसके अवसर पर यूनिट हेड कौशल मिश्रा ने कहा कि हमारा मानना है कि असली प्रगति जड स्तर से शुरु होती है हमारे सक्षम कार्यक्रम के माध्यम हम ग्रामीण युवाओं को उद्योग से जुडी आवश्यक कौशल प्रदान करनें के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दीर्घकालिक रोजगार के द्वार खोलेंगे।

यह पहल केवल प्रशिक्षण तक सीमित नही है बल्कि यह युवाओं का भविष्य बनाने एवं हमारे समुदाय को सशक्त करनें का प्रयास है।

# एक नजर में



### शिक्षक समाज की बुनियाद और राष्ट्र के निर्माता

**सतना।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ सतना के तत्वाधान में एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव एवं सहायक संचालक शिक्षा गिरीश अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में स्काउट भवन धवारी में शिक्षक दिवस एवं स्काउट गाइड पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित महेश तिवारी राष्ट्रपति अवार्डेड. स्काउट मास्टर संदीप पांडे आजीवन सदस्य मंजू श्रीवास्तव जिला प्रशिक्षण गाइड अभिषेक गौतम असिस्टेंट लीडर ट्रेनर विश्वनाथ मिश्रा जिला संगठन आयुक्त स्काउटर पुष्पेंद्र नामदेव अर्चित तोमर राष्ट्रपति स्काउट दिलीप पचौरी संदीप पटेल शिवम सिंह मुनीम प्रसाद सोंधिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र मेडल शील्ड प्रदान की गई पुष्पेंद्र नामदेव राष्ट्रपति पुरस्कार रोवर लीडर की महत्वपूर्ण भूमिका रही अंत में राष्ट्रगान पश्चात स्वल्पाहार बच्चों को दिया गया।

### आज यहां गुल रहेगी बिजली

**सतना।** रविवार को शहर संभाग सतना अंतर्गत 33/11ऋङ्क पुराना पावर हाउस उपकेंद्र में आने वाली 33 ऋङ्क लाइन के डबल सर्किट का कार्य सुबह 6 बजे से 10 बजे तक प्रस्तावित किया गया है, जिसके कारण तत्समय उतैली, कृष्ण नगर, संग्राम कालोनी, जिला अस्पताल परिसर, पुष्पराज कालोनी, पुष्करिणी पार्क, सुभाष पार्क, जयस्तंभ चौक, भैंसाखाना, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, सिटी कोतवाली, रामना टोला, बजरहा टोला, कामता टोला, आदर्शनगर, भरहुत नगर, रीवा रोड, यम पी नगर,आदर्श नगर आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।



### दुर्लभ ब्लड ग्रुप के रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**सतना।** ब्लड ग्रुप चार प्रकार,क्क्ष्,क्क्ष्क्ष्,क्कपॉजिटिव एवं निगेटिव के होते हैं जिसमें पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड तो आसानी से उपलब्ध हो जाता है लेकिन निगेटिव ग्रुप दुर्लभ ग्रुप होते हैं जो हजारों लोगों में से किसी एक का होता है यह ब्लड बड़ी मुश्किलों से मिलता है ऐसे ही 6 रक्तवीरों ने दुर्लभ ब्लड ग्रुप का रक्तदान किया। समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने बताया गत दिवस जिला अस्पताल एवं बिरला अस्पताल में भर्ती मरीजों को इन ग्रुपों की अति आवश्यक पड़ने पर दिलीप सोनी एवं रवि आरेख एबी निगेटिव, रोहित वाधवानी ओ निगेटिव, अश्वनी सिंह व सुशांत सक्सेना भी निगेटिव, शुभम जयसवाल ने ए निगेटिव का अपना लहू देकर इंसानियत का सच्चा फर्ज निभाया।रक्तदान करवाने में अमित कामरानी संजय वाधवानी मनीष सदानी आकाश बनर्जी का विशेष सहयोग रहा।

### 3 कर्मचारियों को किया गया निलंबित

**सतना.** शाखा सिंहपुर में कृषकों की अंशपूंजी राशि में धोखाधडी का प्रयास करने एवं ऋण वितरण में छोटे कृषको की जगह बडे कृषकों को लिमिट डालकर ड्रावल पास कर भुगतान किए जाने का अनुचित प्रयास किये जाने पर कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार 3 बैंक के कर्मचारियों को निलंबित किया गया है।

# एकेएस ने पुणे की फार्मास्यूटिकल संस्था के साथ किया शोध अनुबंध

नवभारत न्यूज

**सतना,6 सितंबर। ए.के .एस. विश्वविद्यालय, सतना ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड पुणे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।**

यह पहल फार्मास्यूटिकल शिक्षा, अनुसंधान और पेशेवर प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से प्रो-चांसलर श्री अनंत कुमार सोनी एवं डीन, फैकल्टी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. सूर्य प्रकाश गुप्ता ने



हस्ताक्षर किए। वहीं इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्रा. लि., पुणे की ओर से डायरेक्टर डॉ. महेश बुरांडे और सीईओ श्री समीर बुरांडे ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संयुक्त सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स का संचालन होगा। वेबिनार, कार्यशालाएँ और विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को फार्मेसी शिक्षा और उद्योग की नवीनतम प्रवृत्तियों से जोड़ना।अनुसंधान एवं नवाचार साझेदारी को सुदृढ़ बनाना, जिससे नई औषधीय खोज, तकनीकी हस्तांतरण और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध हों। यह सहयोग विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता और व्यावसायिक दक्षता दोनों का अनुभव प्रदान करेगा। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस एमओयू को ज्ञान विनिमय और अकादमिक नवाचार का एक सशक्त मंच बताया, जो विद्यार्थियों को अग्रणी विश्वविद्यालयों के अवसरों के समकक्ष अनुभव प्रदान करेगा।

इस साझेदारी के माध्यम से ए.के.एस. विश्वविद्यालय और फार्मास्यूटिकल साइंसेज़, शिक्षा और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के क्षेत्र में विमर्श को गति देंगे और भविष्य के स्वास्थ्य एवं फार्मेसी नेतृत्व को तैयार करने में योगदान देंगे।

# कौशलेंद्र दिल्ली में हारे जिंदगी की जंग

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. सतना लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद गणेश सिंह के लंबे समय से निजी सचिव रहे कौशलेन्द्र सिंह रिंकू ने शनिवार को दिल्ली के सफदरजंग एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली।**

मात्र 30 वर्षीय कौशलेन्द्र 28 अगस्त की रात सतना जिले के माधवग? क्षेत्र में बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान शुक्रवार रात उनकी हालत अचानक बिग? गई, जहां डॉक्टरों की पूरी कोशिशों के बावजूद उन्हें बचा नहीं सकें। कौशलेन्द्र सिंह रिंकू सांसद गणेश



सिंह के करीबी सहयोगी थे और कई वर्षों से उनके साथ जु? हुए थे। हादसे के तुरंत बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर रीवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर होने पर सांसद गणेश सिंह ने दो दिनों बाद एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें दिल्ली के प्रतिष्ठित सफदरजंग एम्स अस्पताल में एयर लिफ्ट किया था। यहां एक सप्ताह तक चले कठिन इलाज और सर्जरी के बाद उनकी स्थिति में कुछ सुधार के संकेत दिखाई देने लगे थे।